रात 12 बजते ही गूंजे 'नंद के आनंद भयो' के जयकारे

नवभारत न्यूज

इंदौर। आधी रात का इंतजार... मंदिरों में टकटकी लगाए खड़े श्रद्धालु... हाथों में पूजा की थालियां और जुबां पर भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे. जैसे ही घड़ी की सुई ने रात के 12 बजाए, घंटे-घड़ियालों की गूंज से पूरा वातावरण गूंज उठा। शंखनाद हुआ और चारों ओर 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयकारे सुनाई देने लगे। कृष्ण जन्म के इस अद्भुत क्षण के साथ ही इंदौर मानो गोकुल में बदल गया.

जन्माष्टमी पर शहर के मंदिरों में आस्था और उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिला। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के बाद श्रद्धालुओं में लड्डू गोपाल को पालने में झुलाने की होड़ लग गई। भक्तों ने नन्हे कान्हा को पालने में झुलाकर उनके जन्म की खुशियां मनाईं। कई मंदिरों में फूलों और रंग-बिरंगी रोशनी से की गई सजावट देखते ही बन रही थी. ऐतिहासिक गोपाल मंदिर, यशोदा माता मंदिर और बांके बिहारी मंदिर में रात तक श्रद्धालुओं की कतारें लगी रहीं। आरती के दौरान पूरा मंदिर परिसर जयकारों से गूंज उठा. बच्चों में भी जन्माष्टमी का उत्साह देखते ही बन रहा था. परिवार अपने नन्हे-मुन्नों को कृष्ण और राधा की वेशभूषा में सजाकर मंदिर लेकर पहुंचे. कोई मुरलीधर बना था तो कोई सिर पर मोरपंख लगाए बाल गोपाल के रूप में नजर आया.

इस्कॉन मंदिर में भजन-कीर्तन ने माहौल को और भक्तिमय बना दिया। वहीं गीता भवन में भजनों की श्रृंखला लगातार चलती रही और श्रद्धालु कतार में लगकर दर्शन करते रहे. खजराना गणेश मंदिर के राधा-कृष्ण मंदिर में भी विशेष आयोजन हुए. आधी रात को कृष्ण जन्म के साथ उमड़ी खुशियों ने शहर की रात को भक्ति, उल्लास और आस्था के रंग में रंग दिया.

घंटे व घड़ियालों की ध्वनि के बीच हुआ कृष्ण जन्म, मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

एक नजर में

श्रद्धालुओं ने की पार्श्व-पद्मावती एकासना आराधना

इंदौर. संकल्पमय चातुर्मास-2026 के अंतर्गत जन्माष्टमी के पावन अवसर पर धर्मसभा में भक्ति और आराधना का अद्भुत संगम देखने को मिला. साध्वी महाप्रज्ञाजी ने श्रीकृष्ण की महिमा का गुणगान करते हुए श्रद्धालुओं को कर्मों के सिद्धांत से परिचित कराया. उन्होंने बताया कि जीवन में किए गए प्रत्येक कर्म का अपना प्रभाव होता है और मनुष्य को अपने कर्मों के प्रति सजग रहकर जीवन को धर्ममय बनाना चाहिए. इस अवसर 8 उपवास की साधना करने वाली बहन श्रीमति ममता कमलेश जैन का अभिनंदन संघ द्वारा किया गया. वहीं साध्वी पद्मकीर्तीजी ने अत्यंत सुंदर एवं सरल तरीके से पार्श्व-पद्मावती 16 शुक्रवारीय एकासना आराधना की विधि आराधकों को करवाई। विधिपूर्वक आराधना के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने एकासना का संकल्प लेकर धर्मलाभ लिया. इस विशेष आराधना में ऑफलाइन 1,000 से अधिक आराधकों ने प्रत्यक्ष रूप से भाग लेकर एकासना किया, जबकि ऑनलाइन माध्यम से करीब 3,000 आराधक जुड़े और उन्होंने भी अपने-अपने स्थान पर एकासना आराधना संपन्न की. संचालन जिनेश्वर जैन ने किया।

डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा व्याख्यान एवं शिक्षक सम्मान आज

इन्दौर. शिक्षक दिवस के अवसर पर डेवलपमेंट फाउंडेशन एवं श्री बाल विनय मंदिर छत्रीबाग द्वारा 5 सितंबर को शिक्षक सम्मान एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आधार पर करियर के नए मौको का नया दौर, विषय पर प्रमुख शिक्षाविद एवं करियर काउंसलर डॉ जयंतीलाल भंडारी का व्याख्यान, श्री बाल विनय मंदिर क्षत्री बाग के सभागृह में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें डॉ भंडारी 9 वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को देवी अहिल्या शिशु विहार एवं श्री बाल विनय मंदिर के विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान करेंगे, इस अवसर पर डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा, शैक्षणिक जगत में महत्वपूर्ण योगदान हेतु डॉ जयंतीलाल भंडारी, श्रीमती श्वेता गर्ग प्राचार्य, एवं सुश्री अर्पणा व्यास प्राचार्य देवी अहिल्या शिशु विहार को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न विधालयों के विद्यार्थी एवं पालकों के लिए भी खुला है, अन्य विद्यार्थीगण भी मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं.

विजय मारूति मंदिर में आज मनेगा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

इंदौर. नवरत्न बाग स्थित श्री विजय मारुति हनुमान मन्दिर में श्री कृष्ण जन्मोत्सव 5सितंबर को मनेगा. महंत मंगलदास महाराज खाकी ने बताया कि शनिवार को दोपहर 3 बजे से मेडिकल कॉलेज के छात्रों द्वारा भजनों की संगीतमय प्रस्तुति दी जायेगी। मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन होगा। मीडिया प्रभारी प्रवीण जोशी ने बताया कि बालकृष्ण को झूले में झुलाया जायेगा। सुंदर झांकी सजाई जायेगी। रात्रि को 12 बजे महा आरती होगी। माखन मिश्री और पंजेरी का प्रसाद बटेगा।

'नंद नंदन उत्सव' में कल सजेगी भक्ति और कीर्तन की संध्या



इंदौर. जन्माष्टमी के पावन अवसर पर इंदौर एक ऐसी भक्तिमय संध्या का साक्षी बनने जा रहा है, जहां संगीत, कीर्तन और आध्यात्मिकता का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। 'नंद नंदन उत्सव ङ्क सोलफुल कीर्तन बाय कृष्णसखास' का आयोजन 6 सितंबर को शाम 6 बजे से गोपाल मंदिर, राजवाड़ा ऑडिटोरियम, इंदौर में किया जाएगा. खास बात यह है कि इस आयोजन में प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रहेगा, जिससे शहरवासी अपने परिवार एवं मित्रों के साथ इस विशेष संध्या में शामिल हो सकेंगे. जन्माष्टमी भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के साथ-साथ प्रेम, भक्ति, आनंद और सकारात्मक ऊर्जा का पर्व भी है। इसी भावना को केंद्र में रखते हुए 'नंद नंदन उत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में सुमधुर कीर्तन, भक्ति संगीत और सामूहिक आध्यात्मिक अनुभूति के माध्यम से श्रद्धालुओं एवं संगीतप्रेमियों को श्रीकृष्ण की भक्ति से जुड़ने का अवसर मिलेगा. आयोजकों ने इंदौरवासियों से अपील की है कि वे 6 सितंबर को शाम 6 बजे गोपाल मंदिर, राजवाड़ा ऑडिटोरियम में अपने परिवार एवं मित्रों के साथ पहुंचकर इस दिव्य संध्या का हिस्सा बनें। निःशुल्क प्रवेश के साथ होने वाला यह आयोजन जन्माष्टमी के अवसर पर शहरवासियों के लिए भक्ति, संगीत, संस्कृति और आध्यात्मिक आनंद से जुड़ने का विशेष अवसर होगा.

अहिल्या माता गोशाला पर बच्छ बारस धूमधाम से मनाया जाएगा

इंदौर. केशरबाग रोड स्थित प्राचीन अहिल्या माता गोशाला पर मंगलवार 8 सितम्बर को बच्छ बारस का उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा. मान्यता है कि बच्छ बारस पर गाय-बछड़े एवं नंदी की पूजा से माँ के साथ संतानों को भी अधिक आयु एवं निरोगी जीवन का लाभ मिलता है. गोशाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा गुरूजी, मंत्री पुष्पेन्द्र धनोतिया एवं संयोजक सी.के. अग्रवाल ने बताया कि सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक गौशाला परिसर में महिलाओं के लिए विशेष रूप से बच्छ बारस पूजा एवं उद्यापन के लिए विशेष व्यवस्था रखी गई है जिसमें पूजन विधान हेतु विद्वान पंडित एवं पूजन सामग्री की व्यवस्था भी उपलब्ध रहेगी. इस दिन पुत्रवती माताएं अपनी संतानों के दीर्घायु होने की मंगल कामना से गौशाला आकर गाय और बछड़े का पूजन कर सकेंगी. गौसेवा भक्त मंडल की ओर से गौशाला पर महिलाओं के व्रत उद्यापन एवं भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी रखी गई है. गौशाला में गर्भवती महिलाओं के लिए गर्भ संस्कार के शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं.

पूर्व एडीएम बीबीएस तोमर का निधन

इंदौर. इंदौर में लंबे समय तक विभिन्न प्रशासनिक पद संभालने वाले रिटायर्ड अपर कलेक्टर बृजभूषण सिंह तोमर का शुक्रवार शाम को निधन हो गया। वह करीब 2 माह से उपचार रत थे। अक्टूबर 2021 में रिटायर हुए थे। अपनी 37 साल की सेवा में करीब 33 साल इंदौर में ही पदस्थ रहे थे। तत्कालीन कलेक्टर अजीत सिंह जोगी के कार्यकाल में उनकी पहली नियुक्ति इंदौर में हुई थी। कोरोना के दौरान उन्होंने मुस्तैदी से एडीएम पद पर निर्विवाद कार्य संभाला था।

चंद्रवंशी यादव समाज ने धूमधाम से मनाया कुल देवता का जन्मोत्सव

इंदौर. श्री चंद्रवंशी यादव समाज इंदौर के तत्वावधान में कुलदेवता भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। शुक्रवार को सुबह रिमझिम फुहारों के बीच जगजीवनराम नगर स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर से भगवान के रथ एवं पालकी सहित भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें अनेक राजनेता, संत एवं विद्वान तथा विभिन्न समाजों के गणमान्य बंधु भी शामिल हुए। समाज के अध्यक्ष संतोष यादव, नारायणसिंह यादव एवं रोहित यादव ने बताया कि शोभायात्रा मंदिर से पाटनीपुरा चौराहा, नंदानगर मेनरोड, परदेशीपुरा चौराहा होते हुए राधा-कृष्ण मंदिर पहुंची, जहां समापन पर महाआरती के बाद फलाहारी प्रसाद का वितरण भी हुआ. शोभायात्रा में अनेक मनोहारी झांकियां भी शामिल थीं. रथ को समाजबंधु अपने हाथों से खींचते हुए चले. शोभायात्रा में शहर के प्रमुख संत-विद्वान और महामंडलेश्वर दादू महाराज, महामंडलेश्वर नितिन महाराज, भागवताचार्य विवेकानंद एवं वृन्दावन के बाल संत ऋषभदास महाराज भी शामिल हुए.

श्रीकृष्ण के जयघोष के बीच निकली शोभायात्रा, झांकियों ने मोहा मन

इंदौर. अपने कुलदेवता भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर यादव अहीर समाज केन्द्रीय समिति के तत्वावधान में शुक्रवार सुबह बड़ा गणपति चौराहे से भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ गौपूजन के साथ हुआ. इजसमें भगवान कृष्ण के जीवन चरित्र पर आधारित अनेक मनोहारी झांकियां तो आकर्षण का केन्द्र बनी ही, फूलों से सुसज्जित रजत मंडित रथ में विराजित भगवान राधा-कृष्ण एवं लड्डू गोपाल के रथ को महिलाएं अपने हाथों से खींचते हुए चलीं.

मथुरा और वृंदावन के लोक कलाकार सड़कों पर उतरे और अपनी नृत्य कला की छटा बिखेरी, वहीं बैंड-बाजे, भजन, गरबा मंडलियां और अखाड़ों में शामिल पहलवान भी अपनी प्रस्तुतियां देते हुए चले. यादव अहीर समाज केन्द्रीय समिति के संरक्षक दीपू यादव, अध्यक्ष ओंकार यादव ने बताया कि जन्माष्टमी पर निकले रजत जयंती जुलूस में अनेक यादव अहीर संगठन अपनी-अपनी झांकियों सहित शामिल हुए. सुबह बड़ा गणपति चौराहे पर गौपूजन एवं सुसज्जित रजत रथ में विराजित राधा-कृष्ण की प्रतिमा एवं लड्डू गोपाल की पूजा के साथ भगवान श्रीकृष्ण के जयघोष के बीच जुलूस का शुभारंभ हुआ. जगह-जगह पुष्प वर्षा भी हुई. अनेक नन्हे-मुन्ने बच्चे राधा-कृष्ण के श्रृंगार में सज-धजकर शामिल हुए. महिलाओं और बच्चों ने भी नाचते-गाते हुए पूरे उत्साह से जय यादव-जय माधव के उद्घोष के बीच अपनी भागीदारी दर्ज कराई. यात्रा प्रभारी मंगलेश यादव, श्रीमती अंजना यादव एवं अभय यादव, साईं भक्त प्रदीप यादव, कविता यादव, राधा यादव, सुषमा यादव सहित अनेक बंधुओं ने यात्रा मार्ग की व्यवस्थाएं संभाली. जुलूस में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक गोलू शुक्ला, मालिनी गौड़, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, पं. कृपाशंकर शुक्ला, महिला कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष रीना बोरासी, पिंटू जोशी, चिंटू चौकसे, जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सदाशिव यादव, पं. योगेन्द्र महंत, पार्षद विनितिका यादव, सहित शहर के अनेक राजनेता एवं विभिन्न यादव अहीर संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए।

मटकी फोड़ में गूंजा 'गोविंदा आला रे...'

21 टीमों ने लगाई मटकी फोड़ने की जोरदार होड़

इंदौर. संस्था सृजन द्वारा मल्हारगंज सागर जूस के सामने आयोजित मटकी फोड़ में शुक्रवार को कृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव उस समय रोमांच से भर गया, जब ऊंचाई पर टंगी दही हांडी को फोड़ने के लिए युवाओं की टोलियां मैदान में उतरीं. 'गोविंदा आला रे...' के जयकारों के बीच कभी पिरामिड डगमगाया तो कभी टीमों ने संभलकर फिर से ऊंचाई हासिल की और मटकी फोड़ी भी। मटकी तक पहुंचने के हर प्रयास के साथ दर्शकों की धड़कनें बढ़ती रहीं और सफल प्रयास पर पूरा गोराकुंड तालियों व जयकारों से गूंज उठा.

संस्था सृजन अध्यक्ष कमलेश खंडेलवाल, महेश दलोदा, गोविंद गोयल और महिला संयोजिका तनुजा खंडेलवाल ने बताया कि संस्था सृजन द्वारा आयोजित मटकी फोड़ प्रतियोगिता का यह 21वां वर्ष था. पिछले 20 वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में इस बार भी युवाओं ने पूरे जोश और उत्साह के साथ हिस्सा लिया. मटकी फोड़ने के लिए टीमों के बीच जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली. एक के बाद एक टीमों ने मानव पिरामिड बनाया और मटकी तक पहुंचने की कोशिश की. नीचे खड़े गोविंदाओं का संतुलन, ऊपर चढ़ते साथियों का हौसला और मटकी के करीब पहुंचते ही बढ़ती बेसब्री ने माहौल को रोमांचक बना दिया. युवाओं के एक समूह ने मटकी फोड़ भी दी. प्रतियोगिता में, देवास, महू, धार, राऊ, देपालपुर, बेटमा सहित विभिन्न क्षेत्रों की 21 टीमों ने भाग लिया. टीमों के प्रदर्शन के दौरान सड़क के दोनों ओर खड़ी भीड़ हर प्रयास पर तालियां बजाकर युवाओं का उत्साह बढ़ाती रही।

कमलेश खंडेलवाल, और महिला संयोजिका तनुजा खंडेलवाल ने बताया कि आयोजन में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक रमेश मेंदोला, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, सुमित मिश्रा, श्रवण चावड़ा और आकाश विजयवर्गीय सहित शहर के गणमान्य नागरिक, साधु-संत, समाज प्रमुख और राजनीतिक हस्तियां मौजूद रहीं.

श्रीविद्याधाम में कदम्ब के फूलों से सजे लड्डू गोपाल

इंदौर. विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव शुक्रवार को स्मार्त मतानुसार धूमधाम से मनाया गया। आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में सुबह एवं दोपहर को हरियाली, कदम्ब के फूल एवं अन्य 11 किस्म के फूलों से भगवान की आकर्षक झांकी सजाई गई। मंदिर पर देर रात तक हजारों श्रद्धालुओं का मेला जुटा रहा. आश्रम परिवार के सुरेश शाहरा, पं. दिनेश शर्मा एवं राजेन्द्र महाजन ने बताया कि आचार्य पं. लोकेश शर्मा एवं उनके साथियों ने भगवान के जन्म एवं यमुना में नौका विहार की झांकी को कदम्ब के फूलों और अन्य हरे-भरे पत्तों से बहुत आकर्षक ढंग से श्रृंगारित किया. संध्या को 51 विद्वानों द्वारा आचार्य पं. राजेश शर्मा के निर्देशन में भगवान कृष्ण का तुलसी दल, सफेद तिल्ली एवं पुष्पों से सहस्त्रार्चन किया गया. षोडशोपचार पूजन, गोदुग्ध से अभिषेक एवं श्रृंगार कर 56 भोग लगाए गए, इसके बाद रात्रि ठीक 12 बजे जन्मोत्सव की आरती हुई। भगवान को पुष्पों से सज्जित झूले में झुलाया गया। सैकड़ों भक्तों ने मंदिर आकर भगवान को झुलाने का पुण्य लाभ उठाया. मंदिर पर आकर्षक पुष्प एवं विद्युत सज्जा भी की गई थी। उत्सव में आने वाले भक्तों की सुविधा के लिए समुचित प्रबंध किए गए थे. आश्रम परिवार को ओर से सैकड़ों भक्तों ने व्यवस्थाएं संभाली।

गीता भवन में कृष्ण जन्मभूमि एवं चतुर्भुज अवतार की झांकियां देखने उमड़ते रहे श्रद्धालु

इंदौर. शहर के प्रमुख आस्था केन्द्र मनोरमागंज स्थित गीता भवन पर जन्माष्टमी महापर्व के उपलक्ष्य में शुक्रवार देर रात तक विभिन्न आयोजन हुए. हजारों भक्तों ने सुबह से देर रात तक उत्सव का आनंद लिया. जन्माष्टमी पर गीता भवन में तीन मनोहारी झांकियां भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी रही. इनमें भगवान के बाल स्वरुप, कृष्ण जन्मभूमि एवं चतुर्भुज अवतार की झांकियां देखने के लिए देर रात तक भक्तों का मेला जुटा रहा.

गीता भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष राम ऐरन एवं मंत्री रामविलास राठी ने बताया कि सुबह काशी से आए स्वामी कृष्णागिरि सरस्वती के प्रवचन हुए. गीता भवन स्थित कृष्ण मंदिर एवं अन्य सभी देवालयों में विद्युत सज्जा एवं पुष्पों से आकर्षक श्रृंगार किया गया. दोपहर में गीता भवन भक्त मंडल की ओर से महिलाओं ने भगवान कृष्ण पर आधारित ब्रज के गीतों पर प्रस्तुतियां देकर भक्तों को खूब थिरकाया. संध्या को पुनः स्वामी कृष्णागिरि सरस्वती के प्रवचन हुए, जिसमें उन्होंने भगवान के जन्म से संबंधित प्रेरक प्रसंग सुनाए. सांय 7 बजे से गीता भवन के भक्तों द्वारा भजन संध्या का रंगारंग आयोजन भी संपन्न हुआ. रात ठीक 12 बजे भगवान के जन्म की बेला आते ही शंख ध्वनि और घंटे-घड़ियाल की मंगल ध्वनि गूंज उठी. गीता भवन कृष्ण मन्दिर से लेकर प्रवेश द्वार तक भक्तों का मेला देर रात तक जुटा रहा। महाआरती और झूला महोत्सव में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। प्रसाद वितरण के साथ समापन हुआ.

श्रेष्ठ शिक्षक एवं समाजसेवियों का सम्मान आज

इंदौर, दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय श्री प्रदीप कुमार सिंह जी कासलीवाल की 6 वी पुण्य स्मृति 5 सितंबर को को शिक्षक दिवस के अवसर पर फेडरेशन द्वारा देशभर में 12 राज्य में 350 से अधिक सोशल ग्रुपों द्वारा अपने-अपने शहर में, संस्कार एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों तथा समाजसेवा, सहयोग, समन्वय, आपसी प्रेम एवं सद्भाव की भावना से कार्य करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया जा रहा है. इसी श्रृंखला में इंदौर रीजन में दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन से संबद्ध करीब 25 सोशल ग्रुपों द्वारा संयुक्त रूप से 25 श्रेष्ठ शिक्षकों एवं 25 समाजसेवी एवं संस्कारवान विद्यार्थियों का सम्मान दलाल बाग में किया जाएगा. यह गरिमामय आयोजन सुधासागर महाराज के पावन सान्निध्य में संपन्न होगा. इंदौर रीजन अध्यक्ष प्रदीप चौधरी व रीजन सचिव संजय पापड़िवाल ने बताया आयोजन में दिगंबर जैन समाज के प्रमुख, फेडरेशन के राष्ट्रीय पदाधिकारी, सभी सोशल ग्रुपों के पदाधिकारी एवं सदस्य तथा बड़ी संख्या में समाजसेवी बंधु विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे. राष्ट्रीय शिरोमणि संरक्षक श्रीमती पुष्पा कासलीवाल, राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोहर झांझरी, निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश जैन विनायका की उपस्थिति में होने वाले इस आयोजन का उद्देश्य समाज सेवा को समर्पित शिक्षकों के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करना तथा विधार्थी सम्मान का मक़सद नवीन पीढ़ि को समाजसेवा, सहयोग, संस्कार एवं सामाजिक दायित्व की भावना को प्रोत्साहित करना है.

डिमांड नोटिस

सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 (उक्त एक्ट) की सेक्शन 13 (2) के तहत जो सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 (उक्त नियम) के नियम 3 (1) के सहपठित है. उक्त नियमों के नियम 3 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (12) के तहत प्रदान अधिकारों के पालन में आईआईएफएल होम फाइनेंस लि. (आईआईएफएल एचएफएल) (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि.) के प्रा. अधिकारी ने उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (2) के तहत डिमांड नोटिस जारी की है व देनदारों को उन्हें जारी डिमांड नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा है. उक्त से संबंधित, देनदारों को एक बार फिर इस नोटिस प्रकाशन से 60 दिनों में भुगतान तिथि तक डिमांड नोटिस तिथि से आगे ब्याज सहित निम्न कथित राशि का भुगतान करने की नोटिस दी जाती है. देनदारों के वितरण डिमांड नोटिस तिथि पर बकाया राशि व लोन राशि के भुगतान के प्रति प्रस्तुत सिक्योरिटी के विवरण निम्न हैं-

देनदारों/गारंटरों का नाम	डिमांड नोटिस तिथि व राशि	सिक्योर्ड एसेट विवरण (अचल संपत्ति)
श्री चेतराम साहू श्रीमती ललिता बाई (प्रॉस्पेक्ट नं. 881865, 877282)	11/08/2026, 877282 के लिए रुपए 557940/- (रु. पांच लाख सत्तावन हजार नौ सौ चालीस मात्र) और 881865 के लिए रुपये 559933/- (रु. पांच लाख उनसठ हजार नौ सौ तैंतीस मात्र)	संपत्ति 1:- संपत्ति का वह भाग जो इस प्रकार है: प्लॉट संख्या डी/38, शांति पैराडाइज ग्राम हरसोला, तहसील महू, जिला इंदौर, इंदौर, इंदौर, 452001, मध्य प्रदेश, भारत. क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि क्षेत्र संपत्ति का क्षेत्रफल: 600 संपत्ति 2:- संपत्ति का वह भाग जो इस प्रकार है: प्लॉट संख्या डी/37 शांति पैराडाइज ग्राम हरसोला, तहसील महू, जिला इंदौर, इंदौर इंदौर, 452001, मध्य प्रदेश, भारत.
श्री विशाल पाटिल श्रीमती रानी पाटिल (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10149813)	17 अगस्त 2026, रुपये 1024816/- (रु. दस लाख चौबीस हजार आठ सौ सोलह मात्र)	संपत्ति का वह भाग जो इस प्रकार है: ईडब्ल्यूएस प्लॉट संख्या ई 12, ग्रीनवुड पार्क कॉलोनी, ग्राम पिगडंबर, तहसील महू, जिला इंदौर, मध्य प्रदेश, भारत 45333. क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: क्षेत्रफल: 336 वर्ग फुट.
श्री हुकम सिंह जमरा श्रीमती कमला जमरा (प्रॉस्पेक्ट नंबर 898735)	17 अगस्त 2026, रुपये 1050479/- (रु. दस लाख पचास हजार चार सौ उन्यासी मात्र)	संपत्ति का वह भाग जो इस प्रकार है: प्लॉट नंबर डी-60, फेमस विला, ग्राम ताजखेड़ी, तहसील देपालपुर, जिला इंदौर, 452001, मध्य प्रदेश, भारत. क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि क्षेत्र, कालीन क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र का कुल क्षेत्रफल संपत्ति का क्षेत्रफल: 600.00, 500.00, 600.00
श्री प्रकाश चौधरी, श्रीमती रेखा चौधरी, प्रकाश इलेक्ट्रिक एंड इलेक्ट्रॉनिक (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10400586)	17-अगस्त-26, रुपये 898207.58/- (रु. आठ लाख अन्ठानवे हजार दो सौ सात और अट्ठावन पैसा मात्र)	संपत्ति का वह भाग जो इस प्रकार है: प्लॉट नं. L-431 सेक्टर B अरिहंत रेसीडेंसी, पीथमपुर सिटी होम्स, ग्राम भाटखेड़ी, तहसील महू, इंदौर, 453441, क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि_क्षेत्रफल, विक्रय योग्य_क्षेत्रफल, सुपर_बिल्ट_अप_क्षेत्रफल संपत्ति का क्षेत्रफल: 600.00, 600.00, 500.00
श्री जगदीश पाटीदार श्रीमती वंदना जे पी फूड (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10814672)	17 अगस्त 2026, रुपये 1816531/- (रु. अट्ठारह लाख सोलह हजार पांच सौ इकतीस मात्र)	वह संपत्ति जो इस प्रकार है: प्लॉट नं. 81, देवकीनंदन, ग्राम पंचदेरिया, तहसील सांवेर, जिला इंदौर 452001 क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि क्षेत्र बिक्री योग्य क्षेत्र: 588.00 वर्ग फुट
श्री कुंदन श्रीमती हेमलता कुंदन रेघे रुद्र स्कूल परिवहन सेवा (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10869629)	11 अगस्त 2026, रुपये 1694743/- (रु. सोलह लाख चौरानवे हजार सात सौ तिरतालीस मात्र)	वह संपत्ति जो प्लॉट नं. 279, प्रणाम पार्क, ग्राम मगरखेड़ा, तहसील मल्हारगंज, इंदौर, मध्य प्रदेश 453111 में स्थित है. क्षेत्रफल वर्ग फुट में: संपत्ति का प्रकार: भूमि क्षेत्र, विक्रय योग्य क्षेत्र, अतिरिक्त निर्मित क्षेत्र. संपत्ति का क्षेत्रफल: 525.00, 525.00, 1050.00
श्री दीपेश मानिक, डिग्री धारक अंग्रेजी संस्थान, श्री शिवराम, श्रीमती सेवंती मानिक (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10957920)	11 अगस्त 2026, रुपये 772876/- (रु. सात लाख बहत्तर हजार आठ सौ छिहत्तर मात्र)	निम्नलिखित संपत्ति का पूरा टुकड़ा: प्लॉट नं. 298 महावीर, ग्रीन सिटी, ग्राम भंडारिया, तहसील एवं जिला खंडवा (मध्य प्रदेश)-450001 क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि क्षेत्र, बिक्री योग्य क्षेत्र: संपत्ति का क्षेत्रफल: 555.00, 555.00
श्री शक्ति सिंह सिसोदिया शिवा मार्केटिंग एंड कॉस्मेटिक्स, श्रीमती शिव कुंवर (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल11037526)	13 अगस्त 2026, रुपये 2904469/- (रु. उन्तीस लाख चार हजार चार सौ उनहत्तर मात्र)	संपत्ति का वह भाग जो निम्न प्रकार का है: आवासीय प्लॉट/मकान नं. बी-44-बी (यूनिट नं. ए) का दक्षिणी भाग, पुमर्थ मीडोज, ग्राम सुल्लाखेड़ी, तहसील सांवेर, जिला इंदौर, मध्य प्रदेश, 453771। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि क्षेत्र, कालीन क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र. संपत्ति का क्षेत्रफल: 550.00, 440.00, 550.00
श्री घनश्याम जाटव, श्रीमती रीना बाई जाटव नित्या आटा चक्की और किराना स्टोर (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल11179495)	11 अगस्त 2026, रुपये 1729052/- (रु. सत्रह लाख उन्तीस हजार बावन मात्र)	संपत्ति का वह भाग जो इस प्रकार है: प्लॉट नं. 295 अरिहंत पार्क ग्राम सतलाना तहसील हातोद, इंदौर 453111 क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि_क्षेत्र, विक्रय योग्य_क्षेत्र संपत्ति का क्षेत्रफल: 600.00, 600.00

यदि उक्त देनदार आईआईएफएफ एचएफएल को उक्त भुगतान नहीं करते हैं तो वह देनदारों के पूरी तरह से जोखिम, लागत व नतीजों पर उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (4) व लागू नियमों के तहत उक्त सिक्योर्ड एसेट के विरुद्ध कार्यवाही कर सकते हैं. विवरण हेतु संपर्क प्रा. अधिकारी, **ब्रांच ऑफिस:** 102/103, दर्शन मॉल, 15/2 रेस कोर्स रोड इन्दौर-452001, मध्यप्रदेश/ ग्राउंड फ्लोर, प्लाट नं. 8/1-ए और 8/2-ए, अमर सिंह मार्ग फ्रीगंज, उज्जैन-456001 या **कार्पोरेट ऑफिस:** आईआईएफएल टॉवर, प्लाट नं. 98, उद्योग विहार, फेस- IV गुड़गांव, हरियाणा.

स्थान: उज्जैन/इन्दौर
दिनांक: 5.9.2026

प्रा. अधिकारी
कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लि.

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)

(CIN-L65110TN2014PLC097792)

रजिस्टर्ड ऑफिस: केआरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031

फोन: +91 44 4564 4000, फैक्स: +91 44 4564 4022

IDFC FIRST Bank

सार्वजनिक सूचना
स्वर्ण नीलामी सह आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं और आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त उधारकर्ताओं ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (बैंक) से सोने के आभूषण गिरवी रखकर ऋण सुविधाओं का लाभ उठाया है और बार-बार याद दिलाने और नोटिस देने के बावजूद, उधारकर्ता निर्धारित समय के भीतर अपने बकाया देय राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं. तद्नुसार, बैंक अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए, अपने देय राशि की वसूली के लिए **07-अक्टूबर-2026 से 09-अक्टूबर-2026** तक गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी आयोजित करेगा. उधारकर्ताओं को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निरीक्षण/बोली तिथि से पहले लागू प्रासंगिक ब्याज, शुल्क और खर्चों के साथ संपूर्ण बकाया राशि चुकाने का यह अंतिम अवसर है, ऐसा न करने पर गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों को नियामकों द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों के अनुसार नीलामी के माध्यम से बेच दिया जाएगा.

ऋण खाता संख्या	उधारकर्ता का नाम	शाखा का नाम
185995717	गौरव जाधव	इंदौर नवलखा रोड
181448219	राधेश्याम जगन्नाथ	धार ग्रामीण
179942384	नरेंद्र सिंह	सांवेर ग्रामीण
180410936	सफ़ी खान	खातेगांव ग्रामीण
180262564	सोनू होल्कर	इंदौर नवलखा रोड
182146242	मनोज कुमार पाल	नीमच ग्रामीण
181759041	मनोज कुमार पाल	नीमच ग्रामीण

नीलामी की स्थिति में यदि इस नीलामी से कोई अतिरिक्त राशि प्राप्त होती है, तो उसे संबंधित उधारकर्ता को वापस कर दिया जाएगा और यदि नीलामी के बाद कोई कमी/घाटा होता है, तो शेष राशि उचित कानूनी कार्यवाही के माध्यम से उधारकर्ता से वसूल की जाएगी. आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के पास बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी खाते को नीलामी से हटाने का अधिकार है. इसके अलावा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के पास बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी अनुसूची को अपने विवेक से बाद की तारीख में संशोधित करने या स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है. नीलामी भौतिक माध्यम से उसके पैनल में शामिल नीलामी सेवा प्रदाता मेसर्स श्रीराम ऑटो मॉल इंडिया लिमिटेड के माध्यम से सुबह 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक आयोजित की जाएगी. यदि ग्राहक मृत है, तो नीलामी से संबंधित सभी शर्तें उनके नामांकित व्यक्ति/कानूनी वारिस पर लागू होंगी.

नीलामी बिक्री के नियम एवं शर्तें :-

1. संबंधित सोने के आभूषणों की बिक्री **'जैसा है जहाँ है', 'जैसा है जो है' और 'जो कुछ भी है'** के आधार पर होगी.
2. इच्छुक बोलीदाताओं को बैंक के अधिकृत नीलामी सेवा प्रदाता के पास पंजीकरण कराना होगा और केवाईसी आवश्यकताओं का पालन करना होगा.
3. बोली जमा करने से पहले आभूषणों और उनके विवरण के बारे में खुद को आश्वस्त करना और संतुष्ट करना बोलीदाताओं की जिम्मेदारी होगी. बोलीदाता शाखा प्रबंधक के परामर्श से आभूषणों का निरीक्षण कर सकता है.
4. उच्चतम बोली बैंक के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा पुष्टि के अधीन होगी.
5. सफल बोलीदाता को निर्धारित समय के भीतर पूरी बिक्री राशि जमा करनी होगी, ऐसा न करने पर पहले से जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी.
6. एक बार बेचे जाने के बाद गोल्ड पाउच किसी भी परिस्थिति में विक्रेता को वापस नहीं किए जा सकते हैं और विजेता बोलीदाता/क्रेता द्वारा भौतिक रूप से सौंपे जाने के बाद विक्रेता की किसी भी प्रकृति की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी.
7. बैंक के अधिकृत प्रतिनिधि के पास बिना किसी पूर्व सूचना या कोई कारण बताए किसी भी बोली को स्वीकार/अस्वीकार करने या नीलामी को रद्द/स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है.
8. बिक्री बैंक द्वारा पुष्टि के अधीन है.

दिनांक: 05-09-2026
स्थान: मध्य प्रदेश

हस्ताक्षर/-
अधिकृत अधिकारी, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के लिए